**SET-2**

**Series WXY4Z**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/4/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में जनसंख्या वृद्धि की 'प्रावस्था-ग' की विशेषता है ?

(A) महिलाओं की उच्च साक्षरता और घटती जनसंख्या

(B) चिकित्सा सुविधाओं और जीवन की दशाओं में सुधार

(C) महान आर्थिक मंदी और द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभाव

(D) कम जनसंख्या वृद्धि और कम शुद्ध वृद्धि

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **18** and **19** are Source-based Questions. Each question carries **3** marks.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **20** to **23** are Short Answer Type Questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **24** to **28** are Long Answer Type Questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **29** and **30** are Map-based Questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions.* $17\times1=17$

**1.** Which one of the following is the characteristic of 'Phase-III' of population growth in India ?

(A) High female literacy and declining population

(B) Improvisation in medical facilities and living conditions

(C) Great Economic Depression and effects of World War II

(D) Low population growth and low net increase

**2.** ‘सामूहिक कृषि’ से संबंधित निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. यह उत्पादन के सामाजिक स्वामित्व और सामूहिक श्रम पर आधारित है।

II. यह पूर्व सोवियत संघ में प्रारम्भ की गई।

III. सभी किसान अपनी भूमि के आकार के अनुसार निवेश करते हैं।

IV. इस प्रकार की सामूहिक कृषि ‘कोलकहोज़’ के नाम से जानी जाती है।

विकल्प :

(A) केवल I, II और IV सही हैं।

(B) केवल I, III और IV सही हैं।

(C) केवल II, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, II और III सही हैं।

**3.** नीचे दिए गए कथन संचार सेवाओं का वर्णन करते हैं। निम्नलिखित में से दूरसंचार की सबसे उपयुक्त विशेषताओं की पहचान कीजिए।

(A) परिवहन के सभी रूपों को दूरसंचार का साधन कहा जाता है।

(B) जहाँ परिवहन जाल-तंत्र सक्षम होता है, वहाँ दूरसंचार अधिक सफल होता है।

(C) समाचार पत्र दूरसंचार के सबसे प्रभावी साधन हैं।

(D) यह आधुनिक प्रौद्योगिकी के विकास और सूचना के उच्च गति प्रसार से जुड़ा हुआ है।

**4.** पार-साइबेरियन रेलवे के निम्नलिखित स्टेशनों को पश्चिम से पूर्व स्थान की ओर व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. चिता

II. मॉस्को

III. ओम्स्क

IV. कज़ान

विकल्प :

(A) II, IV, I, III

(B) II, IV, III, I

(C) IV, II, III, I

(D) IV, II, I, III

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा पत्तन छोटी दूरी के लिए होता है ?

(A) पैकेट स्टेशन

(B) विश्राम पत्तन

(C) बाह्य पत्तन

(D) आंत्रपो पत्तन

**2.** Read the following characteristics related to 'collective farming' carefully and choose the correct option.

I. It is based on social ownership of production and collective labour.

II. It was introduced in erstwhile Soviet Union.

III. All farmers contribute the inputs according to their land size.

IV. This type of collective farming is called 'Kolkhoz'.

Options :

(A) Only I, II and IV are correct.

(B) Only I, III and IV are correct.

(C) Only II, III and IV are correct.

(D) Only I, II and III are correct.

**3.** The statements given below describe communication services. Identify the most appropriate characteristics of telecommunication from the following.

(A) All forms of transport are referred to as means of telecommunication.

(B) Where the transport network is efficient, telecommunication is very successful.

(C) Newspapers are the most efficient means of telecommunication.

(D) It is linked to the development of modern technology and high speed dissemination of information.

**4.** Arrange the following stations of Trans-Siberian Railway from west to east locations and choose the correct option.

I. Chita

II. Moscow

III. Omsk

IV. Kazan

Options :

(A) II, IV, I, III

(B) II, IV, III, I

(C) IV, II, III, I

(D) IV, II, I, III

**5.** Which one of the following ports is operational for shorter distances ?

(A) Packet Station

(B) Ports of Call

(C) Out Ports

(D) Entrepot Ports

6. भारत की निम्नलिखित तेल शोधनशालाओं को उनके उत्तर से दक्षिण स्थान के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. मथुरा

II. बठिंडा

III. बीना

IV. पानीपत

विकल्प :

(A) II, IV, I, III
(B) II, IV, III, I
(C) IV, II, III, I
(D) IV, II, I, III

7. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* स्वच्छंद उद्योग व्यापक विविधता वाले स्थानों में स्थित हो सकते हैं।

*कारण (R) :* स्वच्छंद उद्योगों की अवस्थिति परिवहन के जाल द्वारा अभिगम्यता से निर्धारित होती है।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(D) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

8. "अत्यधिक नगरीकृत क्षेत्रों में श्रमिकों का एक बहुत बड़ा अनुपात अन्य सेवाओं में लगा हुआ है।" दिए गए कथन के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. बृहत् स्तर पर होने वाले नगरीकरण और औद्योगीकरण में अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

II. ऐतिहासिक रूप से, यह देश की अर्थव्यवस्था में सेक्टरीय स्थानान्तरण है।

III. द्वितीयक सेक्टर में महिला श्रमिकों का प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक है।

IV. यह श्रमिकों का कृषि-आधारित रोज़गारों से ग़ैर-कृषि-आधारित रोज़गारों में स्थानान्तरण है।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल II, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, II और IV सही हैं।

**6.** Arrange the following oil refineries of India from their north to south locations and choose the correct option.

I. Mathura
II. Bathinda
III. Bina
IV. Panipat

Options :

(A) II, IV, I, III
(B) II, IV, III, I
(C) IV, II, III, I
(D) IV, II, I, III

**7.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Foot loose industries can be located in a wide variety of places.

*Reason (R) :* Location of foot loose industries is determined by transport network accessibility.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(C) (A) is incorrect, but (R) is correct.
(D) (A) is correct, but (R) is incorrect.

**8.** "A very large proportion of workers are engaged in other services in highly urbanized areas." With reference to the given statement choose the correct option.

I. Large scale urbanisation and industrialisation require more workers.
II. Historically, it is a sectoral shift in the economy of the country.
III. Percentage of female workers is relatively high in secondary sector.
IV. It is a shift of workers from farm-based to non-farm-based occupations.

Options :

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only II, III and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only I, II and IV are correct.

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा ***ग़लत*** सुमेलित है ?

| | *सूची-I* *(शब्द)* | | *सूची-II* *(अर्थ)* |
|---|---|---|---|
| (A) | कायिक घनत्व | – | कुल जनसंख्या/निवल कृषित क्षेत्र |
| (B) | कृषीय घनत्व | – | कुल कृषि जनसंख्या/निवल कृषित क्षेत्र |
| (C) | जनसंख्या घनत्व | – | कुल जनसंख्या/कुल क्षेत्रफल |
| (D) | सीमांत श्रमिक | – | कुल जनसंख्या/कुल श्रमजीवी जनसंख्या |

**10.** भारत में जनसंख्या वृद्धि की 'प्रावस्था-क' की विशेषताओं की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. जनसंख्या वृद्धि की रुद्ध अवस्था

II. जनसंख्या की कम या ऋणात्मक शुद्ध वृद्धि

III. मृत्यु दर में तीव्र ह्रास

IV. निम्न स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएँ

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।
(B) केवल II, III और IV सही हैं।
(C) केवल I, II और IV सही हैं।
(D) केवल I, III और IV सही हैं।

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सी किशोर जनसंख्या से संबंधित समाज के सम्मुख एक चुनौती ***नहीं*** है ?

(A) विवाह की उच्च आयु

(B) औषध दुरुपयोग और मदिरा सेवन

(C) महिलाओं की कम साक्षरता

(D) विद्यालय से विरतता

**12.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* हाल के समय में कोलकाता समुद्री पत्तन का महत्त्व कम हो गया है।

*कारण (R) :* कोलकाता पत्तन हुगली नदी द्वारा लाई गई गाद की समस्या से जूझ रहा है।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(D) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

9. Which one of the following is ***incorrectly*** matched ?

| | *List-I* *(Term)* | | *List-II* *(Meaning)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Physiological density | – | Total population/Net cultivated area |
| (B) | Agricultural density | – | Total agricultural population/Net cultivable area |
| (C) | Population density | – | Total population/Total area |
| (D) | Marginal worker | – | Total population/Total working population |

10. Identify the characteristics of 'Phase-I' of population growth in India and choose the correct option.

I. Stagnant phase of population growth
II. Low or negative net growth of population
III. Rapid fall in the mortality rate
IV. Poor health and medical services

Options :

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only II, III and IV are correct.
(C) Only I, II and IV are correct.
(D) Only I, III and IV are correct.

11. Which one of the following is ***not*** a challenge of adolescent population faced by the society ?

(A) High marriage age
(B) Drug abuse and alcoholism
(C) Low female literacy
(D) Dropouts from school

12. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* The significance of Kolkata sea port has declined in the recent times.

*Reason (R) :* Kolkata port is confronted with the problem of silt accumulation in the Hugli river.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(C) (A) is incorrect, but (R) is correct.
(D) (A) is correct, but (R) is incorrect.

13. सीमा सड़क संगठन का उद्देश्य है :

(A) मध्यम ऊँचाई वाले पठारी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करना।

(B) अति ऊँचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करना।

(C) निम्न मैदानी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करना।

(D) बंदरगाहों को जोड़ने के लिए तटीय क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करना।

14. निम्नलिखित विशेषताओं को पढ़िए और फसल की पहचान कीजिए।


- यह उष्णकटिबंधीय रोपण कृषि है और इसकी तीन किस्में हैं।
- भारत के कुल उत्पादन का दो-तिहाई से अधिक अकेले कर्नाटक से आता है।
- यह कर्नाटक और केरल के पश्चिम घाट की उच्च भूमि पर उगाई जाती है।

फसल :

(A) गन्ना (B) चाय

(C) कॉफ़ी (D) कपास

*निम्नलिखित ग्राफ़ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए :*




***जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत***

**13.** The objective of Border Roads Organisation is :

(A) To construct roads in moderately elevated plateau areas.

(B) To construct roads in high altitude mountainous terrains.

(C) To construct roads in low lying plain areas.

(D) To construct roads in coastal areas for linking ports.

**14.** Read the following features and identify the crop.


- It is a tropical plantation crop and has three varieties.
- Karnataka alone accounts for more than two-third of its total production of India.
- It is grown in the highlands of Western Ghats in Karnataka and Kerala.

Crop :

(A) Sugarcane (B) Tea

(C) Coffee (D) Cotton

*Study the following graph carefully and answer the questions no.* ***15*** *to* ***17*** *:*




***Demographic Transition Theory***

**15.** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत के निम्नलिखित चरणों में से कौन-सा आदिम समाज का सूचक है ?

(A) अवस्था I

(B) अवस्था II का प्रथम भाग

(C) अवस्था II का दूसरा भाग

(D) अवस्था III

**16.** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की निम्नलिखित अवस्थाओं में से किस एक में अशोधित जन्म दर और अशोधित मृत्यु दर के बीच उच्चतम अंतर पाया जाता है ?

(A) अवस्था I के अंत में

(B) अवस्था II के प्रथम भाग के अंत में

(C) अवस्था II के दूसरे भाग के अंत में

(D) अवस्था III के अंत में

**17.** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की तीसरी अवस्था के दौरान जनसंख्या में शुद्ध वृद्धि में कमी निम्नलिखित में से किस कारण से है ?

(A) निम्न जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(B) निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

(C) उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(D) उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **15** से **17** के स्थान पर हैं।*

**15.** पहचान कीजिए कि जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की निम्नलिखित अवस्थाओं में से कौन-सी आदिम समाज की विशेषताओं को दर्शाती है।

(A) अवस्था I

(B) अवस्था II का प्रथम भाग

(C) अवस्था II का दूसरा भाग

(D) अवस्था III

**16.** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की उस अवस्था की पहचान कीजिए जिसमें अशोधित जन्म दर और अशोधित मृत्यु दर में अधिकतम अंतर पाया जाता है।

(A) अवस्था I के अंत में

(B) अवस्था II के प्रथम भाग के अंत में

(C) अवस्था II के दूसरे भाग के अंत में

(D) अवस्था III के अंत में

**17.** निम्नलिखित में से जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की तीसरी अवस्था के दौरान जनसंख्या में शुद्ध वृद्धि में कमी के कारण की पहचान कीजिए।

(A) निम्न जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(B) निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

(C) उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(D) उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

**15.** Which one of the following stages of demographic transition theory is an indicative of primitive stage ?

(A) Stage I (B) First part of stage II

(C) Second part of stage II (D) Stage III

**16.** The highest difference between the crude birth rate and crude death rate is observed in which one of the following stages of demographic transition theory ?

(A) End of stage I

(B) End of the first part of stage II

(C) End of the second part of stage II

(D) End of stage III

**17.** Net increase in population during third stage of demographic transition theory is low due to which one of the following reasons ?

(A) Low birth rate and low death rate

(B) Low birth rate and high death rate

(C) High birth rate and low death rate

(D) High birth rate and high death rate

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Questions No.* ***15*** *to* ***17****.*

**15.** Identify the stage of demographic transition theory characterising the primitive society from the following.

(A) Stage I (B) First part of stage II

(C) Second part of stage II (D) Stage III

**16.** Identify the stage of demographic transition theory in which the highest difference in crude birth rate and crude death rate is recorded.

(A) End of stage I

(B) End of the first part of stage II

(C) End of the second part of stage II

(D) End of stage III

**17.** Identify the reason for low net increase in population during III$^{rd}$ stage of demographic transition theory from the following.

(A) Low birth rate and low death rate

(B) Low birth rate and high death rate


(C) High birth rate and low death rate

(D) High birth rate and high death rate

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

**18.** राईन जलमार्ग के मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :





(18.1) राईन जलमार्ग के दोनों टर्मिनल पत्तनों की पहचान कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

## SECTION B

*Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Study the map of the Rhine waterway and answer the questions that follow :




(18.1) Identify both the terminal ports of the Rhine waterway. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) किन्हीं दो देशों की पहचान कीजिए जिनसे राईन जलमार्ग होकर जाता है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) मानचित्र पर कौन-सी नदी पूर्व से राईन जलमार्ग में मिलती है ? *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर हैं।*

(18.1) राईन जलमार्ग के दोनों टर्मिनल पत्तनों के नाम लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए जिनसे राईन जलमार्ग होकर जाता है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) किसी एक सहायक नदी का नाम लिखिए जो राईन जलमार्ग में पूर्व की ओर से मिलती है। *1*

**19.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कृषि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण देशों में, विनिर्माण की वस्तुओं के लिए कृषि उत्पादों का विनिमय किया जाता है, जबकि औद्योगिक राष्ट्र मशीनरी और निर्मित उत्पादों का निर्यात करते हैं तथा खाद्यान्न तथा अन्य कच्चे पदार्थों का आयात करते हैं। विदेशी निवेश विकासशील देशों में व्यापार को बढ़ावा दे सकता है जिनके पास खनन, प्रवेधन द्वारा तेल-खनन, भारी अभियांत्रिकी, काठ-कबाड़ तथा बागवानी कृषि के विकास के लिए आवश्यक पूँजी का अभाव है। विकासशील देशों में ऐसे पूँजी प्रधान उद्योगों के विकास द्वारा औद्योगिक राष्ट्र खाद्य पदार्थों, खनिजों का आयात सुनिश्चित करते हैं तथा अपने निर्मित उत्पादों के लिए बाज़ार निर्मित करते हैं। यह सम्पूर्ण चक्र देशों के बीच में व्यापार के परिमाण को आगे बढ़ाता है।

(19.1) औद्योगिक राष्ट्रों द्वारा किस प्रकार की वस्तुओं का निर्यात किया जाता है ? *1*

(19.2) विकासशील देशों में व्यापार को बढ़ावा देने के तरीके का उल्लेख कीजिए। *1*

(19.3) औद्योगिक राष्ट्रों के निर्मित उत्पादों का बाज़ार किस प्रकार के देशों में है ? *1*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।* $4\times3=12$

**20.** "तृतीयक क्रियाकलाप कर्मियों की विशिष्टीकृत कुशलताओं, अनुभव और ज्ञान पर आधारित हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**21.** (क) "मानव भूगोल अत्यधिक अंतरसंबद्ध विषय है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "मानव भूगोल मनुष्य के अपने निवास क्षेत्र के भौतिक वातावरण के साथ संबंधों को समझाने का प्रयास करता है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

(18.2) Identify any two countries through which the Rhine waterway passes. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) On the map, which river joins the Rhine waterway from the east ? *1*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***18****.*

(18.1) Name both the terminal ports of the Rhine waterway. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) Name any two countries through which the Rhine waterway passes. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) Write the name of any one tributary which joins the Rhine waterway from the east. *1*

**19.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

In agriculturally important countries, agro products are exchanged for manufactured goods, whereas industrialised nations export machinery and finished products and import food grains and other raw materials. Foreign investment can boost trade in developing countries which lack in capital required for the development of mining, oil drilling, heavy engineering, lumbering and plantation agriculture. By developing such capital intensive industries in developing countries, the industrial nations ensure import of food stuffs, minerals and create markets for their finished products. This entire cycle steps up the volume of trade between nations.

(19.1) What types of items are exported by the industrialised nations ? *1*

(19.2) Mention the way by which trade could be boosted in developing countries. *1*

(19.3) Finished products of industrialised nations find the market in which types of countries ? *1*

## SECTION C

*Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** "Tertiary activities are based on specialised skills, experience and knowledge of workers." Explain the statement. *3*

**21.** (a) "Human geography is a highly interdisciplinary subject." Analyse the statement. *3*

**OR**

(b) "Human geography tries to explain the relationship of human beings with the physical environs of their occupance." Analyse the statement. *3*

**22.** रमा को पहाड़ी क्षेत्र के लिए विकास कार्यक्रम तैयार करने का दायित्व दिया गया है। किन्हीं तीन बातों की व्याख्या कीजिए जिनको ध्यान में रखकर रमा को कार्यक्रम तैयार करना चाहिए। *3*

**23.** निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

***भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ***

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल नगरीय जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1931 | 2,072 | 33,456.0 | 11.99 | 19.12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153.3 | 13.86 | 31.97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443.7 | 17.29 | 41.42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |

(23.1) किस दशक में नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या में अधिकतम वृद्धि देखी गई है ? *1*

(23.2) भारत में नगरीकरण की प्रवृत्ति का वर्णन कीजिए। *1*

(23.3) कुल नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत में सबसे कम वृद्धि किस दशक में दर्ज की गई है ? *1*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *5×5=25*

**24.** "समता का आशय प्रत्येक व्यक्ति को उपलब्ध अवसरों के लिए समान पहुँच की व्यवस्था करना है।" मानव विकास के एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ के संदर्भ में इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *5*

**25.** (क) "भारत में, समुद्री पत्तन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार के रूप में उभरे हैं।" कथन को प्रमाणित कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "उपग्रह, संचार की स्वयं में एक विधा है और ये संचार के अन्य साधनों के उपयोग का भी नियमन करते हैं।" कथन को प्रमाणित कीजिए। *5*

**26.** (क) "बाज़ार के लिए सब्ज़ी की खेती एवं उद्यान कृषि उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती में विशेषज्ञता रखती हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *5*

**अथवा**

(ख) "उच्च-प्रौद्योगिकी उद्योग प्रादेशिक संकेंद्रित, आत्म-निर्भर एवं उच्च विशिष्टता लिए होते हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *5*

**22.** Rama has been given the responsibility of preparing a development programme for a hilly area. Explain any three points which should be kept in mind while preparing the programme. *3*

**23.** Study the following table carefully and answer the questions that follow :

***India – Trends of Urbanisation***

| Year | Number of Towns/UAs | Urban Population (in Thousands) | % of Total Population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1931 | 2,072 | 33,456.0 | 11.99 | 19.12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153.3 | 13.86 | 31.97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443.7 | 17.29 | 41.42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |

(23.1) In which decade is the maximum increase in number of towns/UAs observed ? *1*

(23.2) Describe the trend of urbanisation in India. *1*

(23.3) The lowest increase in the percentage of total urban population is recorded in which decade ? *1*

## SECTION D

*Questions no. **24** to **28** are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** "Equity refers to making equal access to opportunities available to everybody." Analyse the statement in context to an important pillar of human development. *5*

**25.** (a) "In India, sea ports have emerged as gateways of international trade." Substantiate the statement. *5*

**OR**

(b) "Satellites are mode of communication in themselves as well as they regulate the use of other means of communication." Substantiate the statement. *5*

**26.** (a) "Market gardening and horticulture specialise in the cultivation of high value crops." Justify the statement. *5*

**OR**

(b) "High-tech industries are regionally concentrated, self-sustained and highly specialized." Justify the statement. *5*

**27.** (क) "भारत में जल की माँग, सिंचाई की आवश्यकताओं से अधिक सशक्त होती है।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "भारत में, जल संसाधन औद्योगिक प्रवाह, घरेलू निस्सरणों और कृषि में कीटनाशकों के उपयोग से प्रदूषित होते हैं।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**28.** (क) "भारत में ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों की ओर जनसंख्या प्रवाह, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विकास का असंतुलित प्रारूप है।" इस कथन का उदाहरणों सहित मूल्यांकन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "बढ़ती हुई जनसंख्या और औद्योगिक विस्तारण के कारण जल के अविवेकपूर्ण उपयोग से जल की गुणवत्ता का बहुत अधिक निम्नीकरण हुआ है।" इस कथन का उदाहरणों सहित मूल्यांकन कीजिए। *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) में, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं ***पाँच*** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

B. एक प्रमुख वायु पत्तन

C. पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग का एक अंतिम (टर्मिनल) स्टेशन

D. चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

E. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

F. वाणिज्य पशुधन पालन का एक प्रमुख क्षेत्र

G. निर्वाहन संग्रहण का एक प्रमुख क्षेत्र

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) उत्तरी अमेरिका के किसी एक समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.2) दक्षिण अमेरिका के किसी एक वायु पत्तन का नाम लिखिए।

(29.3) ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग के पश्चिमी सिरे के अंतिम (टर्मिनल) स्टेशन का नाम लिखिए।

(29.4) अफ्रीका के पूर्वी भाग में स्थित चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.5) दक्षिण अफ्रीका के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.6) ओशिनिया के किसी एक वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.7) अफ्रीका के निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए।

**27.** (a) "India's water demand is highly dominated by irrigational needs." Evaluate the statement. *5*

**OR**

(b) "In India, water resources are getting polluted with industrial effluents, domestic waste and insecticides used in agriculture." Evaluate the statement. *5*

**28.** (a) "Population flow from rural to urban areas is unbalanced pattern of development between urban and rural areas in India." Evaluate the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "Indiscriminate use of water by increasing population and industrial expansion has led to degradation of the quality of water considerably." Evaluate the statement with examples. *5*

## SECTION E

*Questions no. **29** and **30** are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the world (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them. *5×1=5*

A. A major sea port
B. A major airport
C. A terminal station of a trans-continental railway
D. A major area of nomadic herding
E. A major area of extensive commercial grain farming
F. A major area of commercial livestock rearing
G. A major area of subsistence gathering

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name any one sea port of North America.
(29.2) Name any one airport of South America.
(29.3) Name the terminal station at the western end of Australian Trans-Continental Railway.
(29.4) Name the area of nomadic herding in the eastern part of Africa.
(29.5) Name the area of extensive commercial grain farming of South Africa.
(29.6) Name any one area of commercial livestock rearing of Oceania.
(29.7) Name the area of subsistence gathering of Africa.

**30.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) पर, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) गेहूँ के उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.2) बिहार में एक तेल शोधनशाला

(30.3) आँध्र प्रदेश का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.4) पश्चिम बंगाल में स्थित महत्त्वपूर्ण कोयला खानें

(30.5) ओडिशा में स्थित महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क खानें

(30.6) कर्नाटक में स्थित महत्त्वपूर्ण मैंगनीज़ खानें

(30.7) पंजाब में एक महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) गेहूँ उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) बिहार के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक तेल शोधनशाला स्थित है।

(30.3) आँध्र प्रदेश के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(30.4) पश्चिम बंगाल के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महत्त्वपूर्ण कोयला खानें स्थित हैं।

(30.5) ओडिशा के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क खानें स्थित हैं।

(30.6) कर्नाटक के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महत्त्वपूर्ण मैंगनीज़ खानें स्थित हैं।

(30.7) पंजाब के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

**30.** On the given political outline map of India (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state leading in the production of wheat

(30.2) An oil refinery in Bihar

(30.3) A major sea port of Andhra Pradesh

(30.4) Important coal mines located in West Bengal

(30.5) Important iron ore mines located in Odisha

(30.6) Important manganese mines located in Karnataka

(30.7) An important international airport in Punjab

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state leading in wheat production.

(30.2) Name the place of the oil refinery located in Bihar.

(30.3) Name the place where a major sea port is located in Andhra Pradesh.

(30.4) Name the place where important coal mines are located in West Bengal.


(30.5) Name the place where important iron ore mines are located in Odisha.

(30.6) Name the place where important manganese mines are located in Karnataka.

(30.7) Name the place where an international airport is located in Punjab.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

**For question no. 29**



प्रश्न संख्या 30 के लिए

For question no. 30

